# प्रसार भारती

## आकाशवाणी शिमला

### 28.08.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00 बजे

**प्रधानमंत्री – जनधन**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले 12 वर्षों में जन धन योजना के अभूतपूर्व परिवर्तनकारी परिणामों का प्रभाव बेमिसाल है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जन धन योजना, वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और देश के लोगों को सक्षम बनाने में महत्वंपूर्ण भूमिका निभा रही है।

प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत अब तक 59 करोड़ से अधिक खाते खोले जा चुके हैं। इस योजना का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में आज ही के दिन किया था। पेश है एक रिपोर्ट.....

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह ने कहा है कि बिजली बोर्ड के क्लास–फोर के सभी पैंशनर्स व पारिवारिक पैंशनरों को बकाया एरियर का भुगतान कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि 20 करोड़ रूपए की राशि पैंशनरों के खातों में डाली गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार के हर कर्मचारी व पैंशनर परिवार के साथ मजबूती के साथ खड़ी है।

**अग्निहोत्री**

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश के लोगों को गुणवत्तापूर्ण पेजयल उपलब्ध करवाने और जलापूर्ति व्यवस्था को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए नई तकनीक और डिजिटल माध्यमों को बढ़ावा दिया जा रहा है। आज मण्डी में जलशक्ति विभाग के उच्च अधिकारियों से विभिन्न नई व उन्नयन योजनाओं की जानकारी लेते हुए उन्होंने ये बात कही। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि मण्डी शहर में पेयजल और सीवरेज व्यवस्था को हाईटैक बनाने के लिए जलशक्ति विभाग द्वारा सितम्बर माह में हिम जलदूत मोबाईल ऐप लॉच की जाएगी। उन्होंने कहा कि ये ऐप नगर निगम मण्डी के 13 वार्डों के करीब 10 हजार 9 सौ उपभोक्ताओं को डिजिटल रूप से जोड़ेगी।

**रक्षाबंधन**

भाई–बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन त्यौहार आज देश सहित भी प्रदेश में भी हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। सुबह से ही बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी सुख–समृद्धि और दीर्घायु की कामना की और वहीं भाइयों ने भी बहनों की रक्षा का संकल्प लेते हुए उन्हें उपहार भेंट किए। बहनों का कहना है कि उन्हें इस पर्व का वर्ष भर बेसब्री से इन्तजार रहता है।

इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रक्षा बंधन पर देशवासियों को बधाई दी है। सोशल मीडिया पर पोस्ट में नरेन्द्र मोदी ने उम्मीद जताई कि रक्षा बंधन का त्योहार सभी के जीवन में खुशहाली, समृद्धि और सफलता लेकर आए। उन्होंने कामना की कि प्यार, स्नेह और आपसी भरोसे का बंधन हमेशा मज़बूत और अटूट बना रहे।

इधर मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने भाई–बहन के अटूट स्नेह और विश्वास के पावन पर्व रक्षाबंधन पर्व पर प्रदेशवासियों को शुभकामनांए दी हैं। उन्होंने कहा है कि भाई–बहन का रिश्ता स्नेह, विश्वास और अपनत्व से सजा जीवन का अनमोल बंधन है।